अव्यवस्था | राहगीरों और वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

ननि के सामने सड़क पर सजी दुकानें

सड़क किनारे खड़े वाहनों से मुड़ना हुआ मुश्किल, दुर्घटना की भी बढ़ी आशंका

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम कार्यालय के सामने सड़क किनारे दुकानों द्वारा सामान फैलाकर कारोबार किए जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। दुकानों का सामान सड़क तक आने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त समय में यहां जाम जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे लोगों का समय भी बर्बाद होता है।

नहीं होती कार्यवाही

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम कार्यालय के सामने ही इस तरह का अतिक्रमण होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। कई बार शिकायतों के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आया। लोगों का कहना है कि सड़क और फुटपाथ सार्वजनिक उपयोग के लिए हैं, लेकिन दुकानों के कारण उनका उपयोग सीमित हो गया है। नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटाकर यातायात सुचारु कराया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। जबलपुर में सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण हटाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते रहे हैं।

शहर के व्यस्त भंवरताल क्षेत्र में लेफ्ट टर्न के पास वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़क किनारे खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों से लेफ्ट टर्न लगभग बाधित हो गया है, जिससे वाहन चालकों को मुड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त समय में यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। यहाँ के आमजनों ने बताया कि लेफ्ट टर्न खाली रहने से यातायात सुचारु रहता है, लेकिन पार्किंग के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है और लंबी कतारें लगने लगती हैं।

यातायात पुलिस करे कार्रवाई

बता दे कि कई बार अचानक सामने वाहन आने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। नागरिकों ने यातायात पुलिस और नगर निगम से मांग की है कि लेफ्ट टर्न के आसपास खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाए और नो-पार्किंग नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और आम लोगों को राहत मिले।

रंगदारी नहीं देने पर तीन युवकों पर चाकू से हमला

नवभारत,जबलपुर। बेलबाग, हनुमानताल और रांझी थाना क्षेत्रों में रंगदारी न देने पर तीन युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। जानकारी अनुसार हनुमानताल दादामिया दरगाह के पास शहनवाज कुरैशी (24) से अल्ताफ और उसके साथी ने 500 रुपये मांगे। मना करने पर चाकू मारकर लहुलूहान कर दिया। इसी प्रकार रांझी थाना अंतर्गत सुभाषनगर झंडा चौक के पास काम से लौट रहे देवेन्द्र पटेल (39) से अंशु वंशकार, ईशू और साजन ने 500 रुपये मांगे। इंकार करने पर तीनों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। इस प्रकार बेलबाग पुलिस के मुताबिक स्नेहिल सोनकर 18 वर्ष निवासी खटीक मोहल्ला घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह चाय पीने के लिये कंजड़ मोहल्ला से चाय पीकर घर वापस आ रहा था आकांक्षा अस्पताल के बाजू में मोहल्ले का रहने वाला टुकटुक उर्फ आरजू सोनकर मिला जो उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो टुकटुक ने उस पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी। पुलिस तीनों मामलों में फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश

आरोपी बोला- खुद बदलो तो 5 हजार, दूसरों को लाओ तो 3 हजार का ऑफर, एफआईआर दर्ज, आरोपी गया जेल

नवभारत,जबलपुर । रांझी थाना अंतर्गत बिलपुरा मढई में पैसों का प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की गई। विदेशी फंडिंग का दावा कर आरोपी ने महिला को लालच दिया कि तुम अपना धर्म बदल लो, मैं 5,000 रुपये नकद दूंगा। अगर तुम अपने साथ दूसरे लोगों को भी धर्म परिवर्तन के लिए लेकर आओगी, तो प्रति व्यक्ति 3,000 रुपये का कमीशन अलग से दिया जाएगा। रांझी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारती कॉलोनी, बिलपुरा मढई रांझी की निवासी पिंकी बेन पति हुकुम चंद बेन (37) की इंदिरा नगर में रहने वाली उनकी परिचित लक्ष्मी विश्वकर्मा आंटी के माध्यम से उनकी मुलाकात बोर्टन फिलिप नाम के व्यक्ति से हुई थी। वह व्यक्ति अक्सर इंदिरा नगर आता था और उसी दौरान उसने पिंकी के परिवार से भी जान-पहचान बढ़ा ली थी। मढ़ई श्रीकांत चक्की के पास स्थित एक मकान में रहता है। इस घर में केवल एक मंदबुद्धि लड़की रहती है।

मकान मालिक की मौत हो चुकी है। बोर्टन फिलिप ने इस लाचारी का फायदा उठाकर उस मकान पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। आरोपी वहां हर रविवार को भोले-भाले लोगों की भीड़ एकत्रित करता है और उन्हें सनातन धर्म के खिलाफ भड़काकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए ब्रेनवॉश करता है।

बोर्टन फिलिप ने पिंकी को इसी कब्जे वाले मकान में मिलने के लिए बुलाया था। जब पीड़िता वहां पहुंची, तो आरोपी ने सीधे तौर पर धर्म परिवर्तन का प्रस्ताव रख दिया। आरोपी ने लालच देते हुए कहा, तुम अपना धर्म बदल लो, मैं तुम्हें तुरंत 5,000 रुपये नकद दूंगा। यही नहीं, अगर तुम अपने साथ दूसरे लोगों को भी धर्म परिवर्तन के लिए लेकर आओगी, तो प्रति व्यक्ति 3,000 रुपये का कमीशन अलग से दिया जाएगा।

विदेशी फंडिंग, पद दिलवाएंगे, जल्द चर्च बनाने का दावा

आरोपी बोर्टन फिलिप ने पीड़िता को पूरी तरह अपने जाल में फंसाने के लिए अपनी ऊंची पहुंच और विदेशों से पैसा आने का रोब झाड़ा। उसने दावा किया कि पैसों की कोई कमी नहीं है। तुम लोगों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी। हम तुम्हें अपने बड़े पदाधिकारियों से मिलवाकर संस्था में बड़ा पद भी दिलवाएंगे। आरोपी ने यह भी कहा कि वह बहुत जल्द इस मकान को एक चर्च का रूप देने जा रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसे न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है ।

एक नजर में

टिकट जांच से कमाए 15 .03 करोड़, 1 .75 लाख मामले पकड़े गए

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल ने जून 2026 में चलाए गए सघन टिकट जांच अभियानों के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं अनबुक्ड लगेज के साथ यात्रा करने वाले कुल 1 लाख 75 हजार 900 मामलों में कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त किराया और जुर्माने के रूप में 15 करोड़ 3 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर मुख्यालय सहित जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर विशेष जांच अभियान चलाए गए। इनमें जबलपुर मंडल में 84,900 मामलों से 7.71 करोड़ रुपये, भोपाल मंडल में 56 हजार मामलों से 4.22 करोड़ रुपये, कोटा मंडल में 31,600 मामलों से 2.86 करोड़ रुपये तथा मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा 3,400 मामलों से 24 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले वैध टिकट लेकर ही सफर करें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

जिला पंचायत की बैठक 16 को

जबलपुर । जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक गुरूवार 16 जुलाई को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया की अध्यक्षता में होगी। जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में शिक्षा, वन, कृषि तथा पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

गांजा समेत नशे का सौदागर गिरफ्तार

नवभारत,जबलपुर। पाटन पुलिस ने मनकेड़ी रोड ग्राम सिंगौरी बंजारी माता मंदिर के पास घेराबंदी कर नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया गया।जिसके कब्जे से 1 किलो 924 ग्राम गांजा, नगदी 200 रूपये, 1 मोबाइल एवं मोटर सायकल जप्त किया गया।टीआई गोपिन्द्र सिंह ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर मनकेड़ी रोड़ ग्राम सिंगौरी बंजारी माता मंदिर के पास गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहे विष्णु उर्फ रंजीत गौड़ 22 वर्ष निवासी ग्राम भरदा थाना बेलखेड़ा को घेराबंदी कर दबोचा गया। आरोपी विष्णु उर्फ रंजीत गौड़ के कब्जे से 1 किलो 924 ग्राम गांजा, मोबाइल, नगदी 200 रूपये एवं गांजा के परिवहन में प्रयुक्त बिना नम्बर की स्पेलेण्डर मोटर सायकल जप्त की गई।

कांग्रेस ने तेज किया कार्यकारिणी गठन अभियान

प्रकोष्ठ अध्यक्षों को जल्द कार्यकारिणी गठित कर सूची सौंपने के निर्देश

नवभारत जबलपुर। कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) ने कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी क्रम में रविवार को आयोजित प्रकोष्ठ एवं विभागों की बैठक में कार्यकारिणी गठन और बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सभी प्रकोष्ठ एवं विभागों के अध्यक्षों को शीघ्र अपनी-अपनी कार्यकारिणी गठित कर उसकी सूची जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष संजय यादव ने की जबकि संचालन एवं समन्वय प्रकोष्ठ एवं विभागों के प्रभारी विवेक यादव ने किया। बैठक में संगठन विस्तार के साथ कार्यकारिणी गठन में आ रही समस्याओं पर भीविचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष कॉंग्रेस कमेटी ग्रामीण ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक प्रकोष्ठ की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का आह्वान किया।

बैठक में राजेश तिवारी, राजेश पटेल, परमलाल अहिरवार, सतेंद्र चौबे, गुड्डा शिव नामदेव, डॉ. हिमांशु गुप्ता, ताहिर खोखर, रामेश्वर गिरी, संतकुमार झारिया, उमा उइके, नारायण विश्वकर्मा, जीतू पाठक, अतुल विश्वकर्मा, सोनू सेन, सोनू रजक, कमला पटेल, प्रकाश अहिरवार, अनिकेत मिश्रा, रविंद्र बर्मन सहित विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने देखे फुटेज, अब पीड़ित परिवार को दिखाएगी

थाने के सामने आत्मदाह प्रकरण : अंतिम संस्कार हुआ परिजनों के फिर होंगे बयान दर्ज

नवभारत,जबलपुर। माढ़ोताल थाने के ठीक सामने आत्मदाह किए जाने के मामले में पुलिस ने दो दिन के सीसीटीव्ही फुटेज देख ली है लेकिन मृतक थाने में नजर नहीं आया है और नहीं उसने कोई आवेदन दिया है। अब पीड़ित परिजनों को भी सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज दिखाए जाएंगे। रविवार को कठौंदा में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस का कहना है परिजनों के पुन: बयान दर्ज होगे। मामले की विस्तृत जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

विदित हो कि पूनाराम नोनिया 55 वर्ष निवासी प्रभात नगर का मदर टेरेसा नगर में एक दुकान में काम करता था। 5 जुलाई को माढ़ोताल थाने के सामने बनी राजेन्द्र राजपूत की चाय की दुकान पर गया था जहां वे काफी देर तक बैठा रहा। इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे वहां से उठने के बाद सीधे थाने के सामने सड़क पर आया कोई कुछ समझ पाता इसके पहले ही उसने स्वयं के ऊपर डीजल छिड़कर खुद को आग के हवाले कर दिया था।

झूठी गवाही से जेल, तीन नाम आए सामने

वर्ष 2001 में पूनाराम परिवार सहित दीनदयाल चौक स्थित झुग्गी बस्ती में रहता था इस दौरान उसने एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद वे जेल से रिहा हुआ था। वे तीन लोगों पर कार्रवाई चाहता था लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही थी। सूत्रों के मुताबिक आपराधिक मामले में उसे जेल हुई थी। उसका कहना था उसे झूठी गवाही देकर सजा दिलाई गई है और वे झूठी गवाही देने वालो को सजा दिलवा चाहता था। मेडिकल में उपचार के दौरान पुनाराम नुनिया द्वारा तहसीलदार एवं पुलिस के समक्ष दिये गए बयान में तीन नाम मुख्य रूप से लिए थे जिसमें मोहन, अमर, मथानी शामिल हैं। जबकि टीआई वीरेन्द्र सिंह पवार का दावा है कि मृतक ने थाने में कभी कोई शिकायत नहीं की थी और न ही वे कभी थाने आया। सीसीटीव्ही देख लिए गए है। मामला जांच में है। विस्तृत जांच, बयान के बाद मामला साफ हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। परिजनों को भी सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज दिखाये जाएंगे।

बहू को जिंदा जलाने का किया था प्रयास,लंबी जांच के बाद दर्ज हुई एफआईआर

नवभारत, जबलपुर। अधारताल अंतर्गत अमखेरा में सास और पति ने मिलकर बहू को जिंदा जलाने का प्रयास किया था। वारदात को हादसे का रूप देने के लिए आरोपियों ने झुलसी हालत में महिला को रातभर घर में कैद रखा और हक में वीडियो बनाने के लिए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर पति और सास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस ने बताया कि कटनी जिले के कुठला की रहने वाली उर्मिला कोरी ने अपनी बेटी नंदनी (26) का विवाह 7 वर्ष पहले अमखेरा निवासी वीरेन्द्र कोरी से

किया था। शादी के बाद से ही पति वीरेन्द्र और सास जयंती कोरी उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। नंदनी जब भी मायके से रुपए या सोने-चांदी के जेवर लेकर आती, पति उसे छीनकर बेच देता और मारपीट कर मायके भगा देता था। बीती 10 अप्रैल की रात करीब 11:45 बजे नंदनी किचन में अपनी मासूम बेटी के लिए दूध गर्म कर रही थी। इसी बीच पति वीरेन्द्र उससे विवाद करने लगा। शोर सुनकर सास जयंती कोरी भी वहां पहुंच गई। विवाद के दौरान सास ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए नंदनी की साड़ी का पल्लू जलते हुए गैस बर्नर पर रख दिया। देखते ही देखते साड़ी ने आग पकड़ ली थी। नंदनी जान बचाने के लिए चीखती रही, लेकिन पति वीरेन्द्र मूकदर्शक बनकर खड़ा तमाशा देखता रहा। बाद में ससुर मदन कोरी ने दौड़कर आग बुझाई और पति ने पानी डाला था।

हक में वीडियो बनाने का बनाया था दबाव

नंदनी को रातभर घर में छुपाकर रखा और उस पर दबाव बनाया कि वह अपने पति-सास के पक्ष में सफाई देते हुए वीडियो रिकॉर्ड करे, ऐसा न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। सुबह लगभग 5 बजे नंदनी की चाची सास ने उसे गंभीर हालत में तड़पते देखा, जिसके बाद उन्होंने उसे तत्काल संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर पीड़िता को मोहनलाल हरगोविंददास अस्पताल रेफर किया गया था।

कला वीथिका के बाहर बना 'मैकेनिक ज़ोन'

सड़क किनारे वाहनों की मरम्मत से बढ़ी अव्यवस्था

नवभारत, जबलपुर। शहर की प्रमुख सांस्कृतिक पहचान कला वीथिका के बाहर सड़क किनारे वाहन मरम्मत का काम लगातार किए जाने से यह क्षेत्र धीरे-धीरे मैकेनिक ज़ोन का रूप लेता जा रहा है।

सड़क किनारे खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों की मरम्मत, फैले औजार और स्पेयर पार्ट्स के कारण राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आमजनों का कहना है कि मरम्मत के लिए सड़क किनारे लंबे समय तक वाहन खड़े रहने से यातायात बाधित होता है। कई बार सड़क का एक हिस्सा घिर जाने से जाम जैसी स्थिति भी बन जाती है। वहीं, शहर की सांस्कृतिक धरोहर मानी जाने वाली कला वीथिका के बाहर इस तरह की गतिविधियों से क्षेत्र की सुंदरता भी प्रभावित हो रही है।

मैकेनिकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

नागरिकों ने नगर निगम और यातायात पुलिस से मांग की है कि सड़क पर किए जा रहे इस तरह के अतिक्रमण और अव्यवस्थित मरम्मत कार्य पर कार्रवाई कर उचित स्थान पर मैकेनिकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यातायात और शहर की सुंदरता दोनों बनी रहे।

मंत्री जायसवाल आज आएंगे विक्रय केन्द्र का करेंगे निरीक्षण

जबलपुर। प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल का सोमवार को शाम 5.30 बजे मंडला से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। जायसवाल शाम 6 बजे सिविक सेंटर मढ़ाताल स्थित खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के विक्रय केन्द्र का निरीक्षण करेंगे तथा शाम 7 बजे जबलपुर से कार द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

परेशानी | राहगीर और वाहन चालक हो रहे परेशान

तीन पत्ती में अव्यवस्थित पार्किंग से जाम की स्थिति

नवभारत,जबलपुर। शहर के व्यस्त तीन पत्ती क्षेत्र में मुख्य सड़क पर ऑटो चालकों की मनमानी पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़क के एक किनारे बड़ी संख्या में खड़े नीले ऑटो ने लगभग आधी सड़क पर कब्जा कर लिया है, जिससे अन्य वाहनों के लिए निकलना मुश्किल हो गया है। दिनभर यहां ऑटो सड़क पर कतारबद्ध खड़े रहते हैं। इसके चलते वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ता है, वहीं पैदल चलने वाले लोगों को भी सड़क पर उतरकर निकलना पड़ता है।

बिगड़ जाती है स्थिति

सुबह और शाम के व्यस्त समय में स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा छोटी-सी दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन यहां ऑटो पार्किंग की अलग व्यवस्था करे और सड़क पर अवैध पार्किंग के खिलाफ नियमित कार्रवाई करे, तो यातायात व्यवस्था में सुधार हो सकता है। नागरिकों ने यातायात पुलिस और नगर निगम से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।

इनका कहना है

ऑटो खड़े रहने से रोज जाम लगता है। प्रशासन को यहां अलग ऑटो स्टैंड बनाकर व्यवस्था सुधारनी चाहिए।

मोहम्मद शरीफ

ऑटो की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण पैदल चलना और वाहन निकालना दोनों मुश्किल हो जाता है। इस पर जल्द कार्रवाई होनी चाहिए।

फ़रान